2025/149

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट

श्रीमती गंगा पत्नि स्व. श्री हंसाराम भील
निवासी टांकरिया गली नं. 07 वार्ड नं. 10
खोवावीर मन्दिर लॉ कॉलेज के पीछे
जिला सिरोही।

बनाम

अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
आयुक्त नगर परिषद सिरोही

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005** मुकदमा नं. 25 वर्ष 2025

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इंनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
12.05.2025	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई। अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे। अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी आयुक्त नगर परिषद सिरोही को दिनांक 19.03.2025 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि अपीलांट द्वारा दिनांक 11.03.2025 को रेस्पोडेन्ट के समक्ष एक आवेदन किया गया था। उक्त आवेदन का जबाव रेस्पोडेन्ट से प्राप्त करने से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं। मैने पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10/– जमा करा दिए है। अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी आयुक्त नगर परिषद सिरोही को दिनांक 19.03.2025 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि अपीलांट द्वारा दिनांक 11.03.2025 को रेस्पोडेन्ट के समक्ष एक आवेदन किया गया था। उक्त आवेदन का जबाव रेस्पोडेन्ट से प्राप्त करने से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। पत्रावली के अवलोकन से यह पाया जाता है कि अपीलांट द्वारा मांगी गई उपरोक्त सूचना लोक सूचना अधिकारी आयुक्त नगर परिषद सिरोही से सम्बन्धित है। चूंकि लोक सूचना अधिकारी आयुक्त नगर परिषद सिरोही के प्रथम अपील अधिकारी जिला कलक्टर, सिरोही नहीं है। अतः ऐसी स्थिति में अपीलांट की अपील खारिज की जाती है। निर्णय सर–ए–इजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। (अल्पा चौधरी) जिला कलक्टर, सिरोही Signature Not Verified Digitally signed by Alpa Choudhary Date: 2025.09.19 18:00:12 IST Reason: SelfAttested	

Scanned with CamScanner